प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

……………

जयपुर में दिसम्बर महीने में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में निवेशकों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधि मंडल जापान पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने आज काई ग्रुप के उपाध्यक्ष और काई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सहित कंपनियों के अन्य अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश में उपलब्ध व्यापक निवेश अवसरों, अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे, कुशल मानव संसाधन, उद्योग–अनुकूल नीतियों और सुगम व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने और उद्योगों के सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। काई समूह अलवर के नीमराणा स्थित जापानी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख जापानी निवेशकों में से एक है, जहाँ कंपनी का आधुनिक विनिर्माण संयंत्र लगा हुआ है। इससे पहले राज्य सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने दक्षिण कोरिया का दौरा कर उद्यमियों के साथ बैठकें की और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

……………

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग को चलाने में भारत बडी भूमिका निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में टेक्निशियंस का बडा कार्यबल तैयार कर रहा है। आज सेमीकॉन इंडिया–2024 के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि भारत का बाजार प्रौद्योगिकी का परिक्षण जानता है। देश के हर क्षेत्र में आज विनिर्माण में बढोतरी हो रही है। सेमीकंडक्टर निर्माण को आगे बढाने के लिए कई कदम उठाये गये है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का विषय है– **"सेमीकंडक्टर के भविष्य को आकार देना"।** सम्मेलन का उद्देश्य भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीति का प्रदर्शन करने के साथ ही भारत को सेमीकंडक्टर के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आज ही ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सहयोग से उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी से प्रगति की जा सकती है।

……………

स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो संबोधन की आज 131वीं वर्षगांठ है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को इसकी शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया संदेश में कहा कि आज हम सभी उस प्रेरणादायक क्षण को याद करते हैं, जब स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया को भारत की प्राचीन संस्कृति, वेदांत और सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 सितंबर 1893 को शिकागो में विश्व धर्म महासभा में दिए गए स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण ने न केवल भारत की पहचान को वैश्विक स्तर पर मजबूती दी, बल्कि आज भी उनका भाषण करोड़ों युवाओं को प्रेरित करता है। उनके आदर्श और विचार हमेशा देशवासियों के लिए पथप्रदर्शक बने रहेंगे।

……………

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई है कहीं–कहीं भारी बरसात भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर बारिश बांसवाडा के कुशलगढ़ में रिकॉर्ड हुई। भीलवाडा के गणेशपुर में 9 सेंटीमीटर और चूरू में 7 सेंटीमीटर बरसात हुई। डीग में हो रही लगातार बारिश से नगर कस्बे के ढहरी बांध में बिरगवा गांव के पास रिसाव होने लगा। जिससे बांध में कटाव आ गया और बांध का पानी सारंगपुर गांव के क्षेत्र में आने लगा। सूचना मिलते ही उपखंड अधिकारी, सिंचाई विभाग और पंचायत समिति के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मिट्टी के कट्टे लगाकर रिसाव को रोका गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों का जनप्रतिनिधि और अधिकारी दौरा कर रहे है।

……………